एफएमसीजी कंपनियों ने टाली अपने उत्पादों की कीमत बढ़ाने की योजना

मांग बनाए रखने पर फोकस, फिलहाल ग्राहकों पर अतिरिक्त बोझ नहीं डालेंगी कंपनियां

● नई दिल्ली / आरएएन

दैनिक उपभोक्ता वस्तु (एफएमसीजी) क्षेत्र की कंपनियों ने फिलहाल अपने उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी का फैसला टाल दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट से कच्चे माल की लागत पर दबाव कम हुआ है, जिससे कंपनियों को राहत मिली है। इसके साथ ही कंपनियां बिक्री की रफ्तार बनाए रखने के लिए भी उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालने से बच रही हैं।

उद्योग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें भू-राजनीतिक तनाव से पहले के स्तर के आसपास बनी रहती हैं, तो नई मूल्य वृद्धि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे पहले लागत बढ़ने के कारण कई कंपनियों ने अपने उत्पादों के दाम बढ़ाए थे।

वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बनी हुई है। वहीं, सितंबर से लागू जीएसटी सुधारों का लाभ भी ग्राहकों तक पहुंचाया गया है, जिससे एफएमसीजी क्षेत्र में मांग और बिक्री में सुधार देखने को मिल रहा है।

तेल की कीमतों में नरमी है वजह

बालाजी वेफर्स के संस्थापक एवं निदेशक चंदू विरानी ने बताया कि कंपनी छोटे पैक का वजन घटाने और बड़े पैक के दाम बढ़ाने पर विचार कर रही थी, लेकिन कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने के बाद इस योजना को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इसी तरह पार्ले प्रोडक्ट्स ने भी बढ़ती लागत के बावजूद कीमतें बढ़ाने का फैसला फिलहाल टाल दिया है। कंपनी के उपाध्यक्ष मयंक शाह ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बाद फिलहाल किसी भी उत्पाद के दाम बढ़ाने की जरूरत महसूस नहीं हो रही है। उनके अनुसार, अधिकांश एफएमसीजी कंपनियां भी फिलहाल मूल्य वृद्धि को लेकर जल्दबाजी के पक्ष में नहीं हैं।

छोटे वित्तीय संस्थानों की बकाया ऋण राशि का मई माह में आया सुधार

मई में डिफॉल्ट दर घटी, कुल कर्ज 3.33 लाख करोड़ रुपए पहुंचा

● मुंबई / आरएनएन

सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) की परिसंपत्ति गुणवत्ता (एसेट क्वालिटी) में मई के दौरान सुधार दर्ज किया गया है। कर्ज संबंधी आंकड़े जुटाने वाली कंपनी क्रिफ हाई मार्क की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश श्रेणियों में बकाया ऋण (डिलिंक्वेंसी) में कमी आई है। हालांकि पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और राजस्थान अब भी ऐसे राज्य हैं, जहां कर्ज चुकाने में चूक का स्तर राष्ट्रीय औसत से अधिक बना हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मई में 1 से 30 दिन तक बकाया रहने वाले कर्ज कुल 3.33 लाख करोड़ रुपये के ऋण पोर्टफोलियो का 0.6 प्रतिशत रहे, जबकि अप्रैल में यह 0.8 प्रतिशत था। इसी तरह, 31 से 180 दिन तक बकाया

रहने वाले कर्ज का अनुपात घटकर 1.6 प्रतिशत रह गया, जो एक महीने पहले 1.7 प्रतिशत था। मई में एमएफआई का सकल ऋण पोर्टफोलियो मासिक आधार पर 0.7 प्रतिशत बढ़कर 3.33 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं प्रति उधारकर्ता औसत ऋण आकार 61,000 रुपये पर स्थिर रहा, जो कर्ज की मांग और ऋणदाताओं के अनुशासित वितरण को दर्शाता है। हालांकि, सक्रिय ऋण खातों की संख्या में मामूली गिरावट दर्ज की गई।

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)
कोल इस्टेट, सिविल लाईन, नागपुर-440001, महाराष्ट्र, इंडिया. वेबसाईट - www.westerncoal.in

सूचना

कोल इंडिया लिमिटेड तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा वस्तुओं, कार्यों और सेवाओं की खरीद हेतु जारी की गई सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**, संबंधित सहायक कंपनी की वेबसाईट (वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) **www.westerncoal.in**, CIL ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** तथा सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। वस्तुओं और सेवाओं की खरीद (यदि वे GeM पोर्टल पर उपलब्ध है) GeM पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से की जाती है।

'वेलकम टू द जंगल' के साथ डॉ. ऑर्थो की खास साझेदारी

चंडीगढ़। बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल और आयुर्वेदिक ब्रांड डॉ. ऑर्थो के बीच विशेष ब्रांड साझेदारी की गई है। फिल्म के प्रचार अभियान के दौरान कलाकारों ने मनोरंजन के साथ स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली का संदेश भी दिया। निर्देशक अहमद खान की इस फिल्म में अभिनेता अक्षय कुमार सहित 30 से अधिक कलाकारों की बड़ी स्टारकास्ट नजर आ रही है। प्रमोशन के दौरान कलाकारों ने कहा कि जीवन की भागदौड़ और चुनौतियों के बीच मजबूत कदम ही हर सफर को आसान बनाते हैं। उन्होंने बताया कि डॉ. ऑर्थो के एक्यूप्रेशर स्लीपर और

शूज पैरों को आराम, नई ऊर्जा और मजबूती देने में सहायक हैं।

एयरपोर्ट इंफ्रा में 2029 तक होगा 4.2 लाख करोड़ का निवेश

साख निर्धारक एजेंसी ब्रिकवर्क रेटिंग्स की रिपोर्ट

● मुंबई / एजेंसी

तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र और इसे बढ़ावा देने की सरकार की योजना से देश में साल 2029 तक हवाई अड्डों की अवसंरचना पर 4.2 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा।

साख निर्धारक एजेंसी ब्रिकवर्क रेटिंग्स की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 तक घोषित या निर्माणाधीन परियोजनाओं का मूल्य 3.7 लाख करोड़ रुपये हैं। इसके अलावा साल 2029 तक पूरी होने वाली परियोजनाओं का मूल्य 0.5 लाख करोड़ रुपये है।

बढ़ेगा हवाई यातायात

ब्रिकवर्क रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक (रेटिंग्स) नीरज राठी ने कहा कि मजबूत घरेलू मांग के कारण हवाई यातायात के 8-10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इसमें नवी मुंबई और जेवर जैसे हवाई अड्डों और टीयर-2 शहरों के काफी योगदान है। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया संकट के दौरान हवाई क्षेत्रों पर प्रतिबंधों के कारण भारतीय विमानन सेक्टर के अंतरराष्ट्रीय यातायात में करीब 40 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है। इससे पहली वित्त वर्ष की पहली छमाही में मांग कमजोर रहेगी।

वित्त वर्ष 2025-26 में इस सेक्टर में भारी पूंजीगत निवेश हुआ। चालू वित्त वर्ष में भी यही क्रम जारी रहने की उम्मीद है।

100 हवाई अड्डे, 200 नए हेलीपोर्ट बनेंगे

रिपोर्ट में केंद्र सरकार की नयी उड़ान योजना का भी जिक्र किया गया है जिसके तहत अगले 10 साल में 100 नये हवाई अड्डों और 200 नये हेलीपोर्ट के विकास की योजना है। ब्रिकवर्क रेटिंग्स ने कहा है कि सरकार ने वित्त वर्ष 2035-36 तक इस पर 28,800 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की घोषणा की है। साथ ही पूरी तरह से नये हवाई अड्डों के विकास की परियोजनाओं पर शत-प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देने से इस क्षेत्र को गति मिल रही है।

सीएमपीडीआई मिनी रत्न cmpdi Mini Ratna
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
Central Mine Planning & Design Institute Ltd.
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, कांके रोड, राँची 834008, झारखण्ड, भारत

सूचना

''सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई,**www.cmpdi.co.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

मई में औद्योगिक उत्पादन 5.1 प्रतिशत बढ़ा

विनिर्माण क्षेत्र में 5.5 प्रतिशत और बिजली-गैस आपूर्ति में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि

● मुंबई / आरएनएन

भारत के औद्योगिक उत्पादन में मई 2026 के दौरान मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सालाना आधार पर 5.1 फीसदी की वृद्धि हुई, जो अप्रैल के 4.9 फीसदी के मुकाबले बेहतर है।

यह नई श्रृंखला पर आधारित आईआईपी का दूसरा मासिक आंकड़ा है। औद्योगिक उत्पादन में

तेजी का सबसे बड़ा आधार विनिर्माण क्षेत्र रहा, जिसमें 5.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा बिजली और गैस आपूर्ति क्षेत्र ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 9.9 फीसदी की वृद्धि हासिल की। इन दोनों क्षेत्रों की मजबूत बढ़त ने कुल औद्योगिक उत्पादन को गति देने में अहम भूमिका निभाई।

सुधार देश के मजबूत होने के संकेत

विशेषज्ञों का मानना है कि औद्योगिक उत्पादन में लगातार सुधार देश की आर्थिक गतिविधियों के मजबूत होने का संकेत है। विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार बढ़ने से रोजगार के नए अवसर पैदा होने की संभावना है, वहीं इससे आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा। बेहतर औद्योगिक आंकड़े निवेशकों का भरोसा बढ़ाने और निवेश माहौल को मजबूत करने में भी मददगार साबित हो सकते हैं।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती माविका बबलानी पत्नि श्री मनोज कुमार बबलानी, निवासी- एच 46, क्वार्टर नं 04. आरा मशीन रोड, बाबा गोविन्द राम मंदिर के पास, बैरागढ़. तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्यप्रदेश, से उनके स्वत्व स्वामित्व का भूखण्ड क्रमांक 48-ए, जो खसरा कमांक 398 का अंश भाग होकर ग्राम बैरागढ़ कलां, (सड़क से हटकर), पटवारी हल्का नं 23, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, में है, जो भोपाल नगर निगम वार्ड कमांक 03 के अंतर्गत स्थित हैं, जिसका कुल क्षेत्रफल 1115 वर्गफिट अर्थात 103.62 वर्गमीटर हैं, जिसकी चतुर्थ सीमाऐं इस प्रकार हैं, दिशा पूर्व-अन्य की संपत्ति, दिशा पश्चिम-में भूखण्ड क्रमांक 49, दिशा दक्षिण में - क्रय कर टोकन राशि अदा कर दी गई हैं। प्रस्तावित रास्ता, दिशा उत्तर में -भूखण्ड कमांक 48-बी, हैं, को उक्त संपत्ति कहीं बंधक, दान, उपहार, व्यक्तिगत गिरवी, पावर, वसीयत में ग्रस्त हो तथा किसी शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ अशासकीय संस्था, व्यक्ति, बैंक का कोई भार, साम्यिक बंधक या लेना देना हो. अतिग्रहित हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेज साक्ष्य के आपत्ति प्रस्तुत करें, तथा उक्त अवधि के बाद उक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के लिए बंधनकारी नहीं होगी।

साहू लॉ चेम्बर
लॉयन महेश कुमार साहू
नोटरी एडवोकेट एवं रियल स्टेट कंसलटेंट
कार्यालय :231, लाहोटी चेम्बर, टॉप नं.- 8-9 भूतल जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल स्मार्ट पार्किंग के पास, भोपाल
मो.-98273 00880, 98932 65322

NAME CHANGE

It is for general information that I, JAIPRAKASH SAHU S/O CHINENDRA KUMAR SAHU, R/O- 000, Pandar, Gujra, Durg, Chhattisgarh, 491111, declare that name of my father Has been wrongly written as CHINENDRA KUMAR in my class 10th and 12th educational documents. The actual name of my father is CHINENDRA KUMAR SAHU, which may be amended accordingly.

NAME CHNAGE

It is for general information that I, GITANJALI SAHU D/O: CHINENDRA, R/O- 000, Pandar, Gujra, Durg, Chhattisgarh, 491111, declare that name of my father Has been wrongly written as CHINENDRA SAHU in my class 10th and 12th educational documents. The actual name of my father is CHINENDRA, which may be amended accordingly.

पश्चिम रेलवे
अहमदाबाद मण्डल

शुद्धिपत्र

ई-निविदा सूचना सं. 1, 2026-27 में शुद्धिपत्र
निविदा सं. CWMCPOHADI2026-27-3

कार्य का नाम : CPOH अहमदाबाद अंतर्गत 120 ट्रैक मशीनो की 03 वर्ष के लिए POH संबंद्ध मरम्मत । **संशोधित विज्ञापन NIT लागत :** ₹ 1,35,86,57,615.03/- **संशोधित ईएमडी लागत रु. में:** ₹ 2,71,73,200.00/- **संशोधित निविदा बंद होने एवं निविदा खुलने की तारीख:** दिनांक 31/07/2026 को 15:00 बजे एवं दिनांक 31/07/2026 को 15:15 बजे, **IREPS पर निविदा अपलोड करने की तारीख:** 09/06/2026, **शुद्धिपत्र जारी करने की तारीख: 27/06/2026** ADI-083

हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/07/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

भोपाल, अग्रसेन चौक, 0108250700072965, 0108250730037353, अरेरा कॉलोनी भोपाल, 0113970730068715, अयोध्या नगर भोपाल, 0117720700042618, 4484, 4485, 4493, हमीदिया रोड, 0105850730027302, इन्द्रपुरी, 0111690730065340, करोद, 0111900700059337, 9354, कोलर रोड भोपाल, 0119550730058733, 8951, एम. पी. नगर भोपाल, 0117810700036812, 0117810730036839, 0942, 0949, 1165, न्यू मार्केट साईट, 0107950700061596, 0107950730064777, दमोह, दमोह, 0138130700004469, हट्टा, 0138720700004561, होशंगाबाद, होशंगाबाद, 0135970700015522, सिवनी मालवा, 0137670700006685, 0137670730008821, सोहागपुर, 0138120730030016, 0037, 0191, रायसेन, मंडीदीप भोपाल, 0117990730039618, 9862, मुखर्जी नगर रायसेन, 0129320730023384, अब्दुल्ला गंज रायसेन , 0132510700030595, 0658, 0132510730037721, 7820, द्वन्धध्द्धध, भगवानगंज सागर, 0126380730014649, कृष्ण गंज सागर, 0129260730030599, 0843, सीहोर, आस्था-सीहोर, 0118450700028414, 8421, 0118450730035796, 5907, 6022, 6023, सीहोर, 0114530730049862, शहडोल, शहडोल एम.पी., 0137330700011743, 1752, विदिशा , बासौदा, 0138190730012028, 2138, सविल लाइन विदिशा , 0134200700018583, खेड़ी फाटक विदिशा, 0138150730032582,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

बिजनेस न्यूज

एआई+ स्मार्टफोन ने नोवा 2 नियो और नोवा 2 प्रो की अगली बिक्री शुरू करने का ऐलान किया

भोपाल। एआई+ स्मार्टफोन ने हाल ही में लॉन्च किए गए नोवा 2 नियो और नोवा 2 प्रो की अगली बिक्री का ऐलान किया है। 26 जून को फ्लिपकार्ट पर हुई पहली बिक्री में दोनों स्मार्टफोन का पूरा स्टॉक बिक गया था। इन स्मार्टफोन्स को 22 जून को आयोजित इंडियाज गॉट नोवा कार्यक्रम में पेश किया गया था। यह ब्रांड का प्रमुख लॉन्च इवेंट था, जिसकी मेजबानी जाने-माने गैजेट गुरु राजीव मखनी ने की। इस कार्यक्रम में कॉमेडियन और यूट्यूबर समय रैना तथा एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ माधव शेठ भी मौजूद रहे। नोवा 2 नियो और नोवा 2 प्रो की अगली बिक्री 30 जून से दोपहर 12 बजे से फ्लिपकार्ट पर शुरू हो रही है। माधव शेठ, सीईओ, एआई+ स्मार्टफोन और संस्थापक, नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज ने कहा, नोवा 2 नियो और नोवा 2 प्रो को ग्राहकों से मिला शानदार रिस्पॉन्स हमारे लिए बेहद उत्साहजनक है।

दंपति को नोवा आईवीएफ आकर सफलता मिली

भोपाल। नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी ने 6 सालों से संघर्ष कर रहे भोपाल के एक दंपति के आंगन में खुशियां बिखेर दीं। इन पति-पत्नी, दोनों को ही फर्टिलिटी से संबंधित समस्याएं थीं। पति को अनुवांशिक समस्या थी। वहीं पत्नी को बढ़ती उम्र की वजह से प्राकृतिक रूप से गर्भधारण नहीं हो पा रहा था। मीरा (36 वर्ष) और अरुण (38 वर्ष) की शादी को छः साल हो चुके थे। इसके बाद उन्होंने नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी से संपर्क किया। यहाँ पर उनके फर्टिलिटी के व्यक्तिगत टेस्ट किए गए। 36 साल की पत्नी के शरीर में अंडों की क्वालिटी और संख्या उनकी उम्र के मुकाबले काफी कम थी। डॉ. पायल रघुवंशी, फर्टिलिटी स्पेशियलिस्ट, नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी ने कहा, यह मामला केवल पति या पत्नी की इन्फर्टिलिटी का नहीं था। हमें सर्जरी से पहले पति के स्पर्म और फिर पत्नी के अंडे लेने पड़े क्योंकि पत्नी के शरीर में बहुत कम अंडे बचे थे।

अमेजन.इन पर लेगो सर्च 50 प्रतिशत बढ़ा

भोपाल। अमेजन.इन ने लेगो सर्च में साल-दर-साल 50प्रतिशत के उछाल की घोषणा की है, जिसका नेतृत्व प्राइम मेंबर्स कर रहे हैं, जो कुल मांग में 85 प्रतिशत का योगदान देते हैं। वे अमेजन.इन पर लेगो की इस रफ़्तार को आगे बढ़ा रहे हैं। प्राइम डे 2026 से पहले, अमेजन.इन एक ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर अपने अब तक के सबसे बड़े लेगो समर कलेक्शन के साथ अपनी तैयारी को दोगुना कर रहा है। स्टार वॉर्स और मार्वल से लेकर हैरी पॉटर, फास्ट एंड फ्यूरियस स्पीड चैंपियंस और एक फुटबॉल सीजन कलेक्शन 100 से अधिक नए सेट्स अब उपलब्ध हैं। अमेजन इंडिया के डायरेक्टर - होम, किचन एंड आउटडोर्स, अमन लोहान ने कहा, अमेजन.इन पर लेगो वास्तव में एक क्रॉस-जेनरेशनल ब्रांड के रूप में विकसित हुआ है। द लेगो ग्रुप की कंट्री मैनेजर - इंडिया, भावना मंडन ने कहा, भारत में लेगो प्रोडक्ट्स को मिला रिस्पॉन्स सभी आयु समूहों में हैंड्स-ऑन क्रिएटिविटी की बढ़ती अपील को दर्शाता है।

सुनीता आहूजा की ईमानदारी ने जीता दिल

भोपाल। नेटफ्लिक्स के कैप्टिव रियलिटी शो, लॉक अपः सच या सजा में मुश्किल टास्क, चौंकाने वाले खुलासों और गर्मागर्म तकरार के बीच एक इनमेट् ने अपनी भावनाशीलता और दयालुता से सभी का दिल जीतना शुरू कर दिया है। शिवांगी जोशी के साथ एक भावुक बातचीत में सुनीता आहूजा हर्षद चोपड़ा की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाई। उन्होंने हर्षद को बहुत प्यारा और नेकदिल इंसान कहा। उन्होंने यह भी बताया कि जब भी हर्षद को उनकी जरूरत महसूस होती है, तो वो उनसे केवल एक कॉल की दूरी पर होती हैं। इसे केवल हर्षद और शिवांगी ने ही महसूस नहीं किया। श्रेया कालरा और सूफी मोतीवाला ने भी सुनीता के साथ एक बातचीत में उनके केयर करने वाले स्वभाव को महसूस किया। इस बात पर सभी सहमत हैं कि लॉक अप में सुनीता अपना मूल स्वभाव लेकर आई हैं। उनमें कोई दिखावा नहीं है। लॉक अपः सच या सजा की स्ट्रीमिंग रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर हो रही है।

जी टीवी के फिक्शन शो तू ही रे दिल में हुआ लोकप्रिय

भोपाल। जी टीवी का नया फिक्शन शो तू ही रे दिल में शुरू हुए अभी एक हफ्ते से थोड़ा ही ज्यादा समय हुआ है, लेकिन अपनी दिलचस्प कहानी और जज़्बात से दर्शकों का दिल जीतना शुरू कर दिया है। खास तौर पर संजय के रोल में अबरार काजी, वृंदा के किरदार में प्रियांशी यादव और स्वाति के रोल में सिमरन रावल की दमदार परफॉर्मेंस दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। हाल ही में रिलीज़ हुए प्रोमो में दिखाया गया है कि वृंदा की सौतेली मां को पता चलता है कि लोग उसे परिवार की किस्मत की देवी मानते हैं। इस भावुक ट्रैक के बारे में बात करते हुए वृंदा का किरदार निभा रहीं प्रियांशी यादव ने बताया कि यह कहानी आज भी समाज की उस सच्चाई को सामने लाती है, जहां कई लड़कियों और महिलाओं से उनकी पसंद और उनकी जिंदगी के फैसले लेने का हक़ छीन लिया जाता है।

परिशिष्ट B- संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय, भोपाल
सोलहवें व्यवहार, न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, भोपाल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
आरसीएस ए/344/2026

बनेसिंह मेवाडा वनाम **किरण जायसवाल**
प्रेषिती- कुसुमलता जी.एल.गुप्ता
NEXT DATE : 30-07-2026
पता - ग्राम फंदा कलां, थाना खजूरी सडक, तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.।

यह कि प्रार्थी बनेसिंह मेवाडा ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए/344/2026 के लिए वाद सस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

यह आज तारीख 17-06-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश कपिल बौरासी
सोलहवें व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, भोपाल (म.प्र.)

पश्चिम मध्य रेल
इंजीनियरिंग शाखा दिनांक: 26/06/2026

खुली ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:30 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिये कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नही है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानुन 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाए प्रस्तुत करें। **NIT No.** 26-27-N-17-48. **Date:** 13/06/2026. **Name of work including Location:** बीना-बीना स्टेशन की लूप लाइन नंबर 1 और 2 पर बैलास्टलेस ट्रैक (50 किमी/घंटा तक की गति) की प्लानिंग, डिजाइनिंग, ड्राइंग और निर्माण। **Published cost of tender:** Rs. 111349020.74/- **Earnest Money:** Rs. 2227000/- **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 06/07/2026. **NIT No.** 26-27-N-18-49. **Date:** 13/06/2026. **Name of work including Location:** भोपाल डिवीजनः बीना-रूठियाई सेक्शनः- गुना-महुगरा स्टेशन के बीच गुना की नजूल कॉलोनी में अनाधिकृत रूप से रेल लाइन पार करने वाली जगह पर लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण (RCC बॉक्स 1/5.00x3.75)। **Published cost of tender:** Rs. 49393106.50/- **Earnest Money:** Rs. 987900/- **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 06/07/2026.

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) भोपाल
खान-पान से संबंधित शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 1800111321 पर सम्पर्क करें।
0542/2026

एचडीएफसी बैंक लि. HDFC BANK We understand your world
भोपाल शाखा : प्लॉट नं. 9, तीसरी मंजिल, स्टार प्लेनेट बिल्डिंग, एम.पी. नगर, झोन-2, भोपाल, म.प्र.-462011.

आधिपत्य सूचना

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **एचडीएफसी बैंक लि.** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 का सपठित नियम 13 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणगृहिता/ जमानतदार/ बंधककर्ता **मेसर्स श्री गोविंदा ट्रेडर्स पचोर, इसके प्रोपराइटर कमल कुमार गुप्ता (ऋणी) के माध्यम से श्रीमती बीना गुप्ता, पति महेश कुमार गुप्ता (जमानतदार)** को मंगनी करते हुए मांग सूचना पत्र दिनांकित **23 दिसम्बर 2023** उक्त सूचना पत्र की प्राप्ति दिनांक से 60 दिनों के भीतर **रूपये 44,35,000/- (शब्दों में - रुपये चौवालीस लाख पैंतीस हज़ार मात्र)** दिनांक 15 अप्रैल 2025 तक साथ ही आगे का ब्याज एवं खर्चे सहित सूचना पत्र में उल्लेखित राशि को लौटाने के लिए निर्गमित किया।

ऋणगृहिता/जमानतदार/बंधककर्ता के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणगृहिता/ जमानतदार/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का **सांकेतिक आधिपत्य** दिनांक **24 जून 2026** को ग्रहण कर लिया है।

ऋणगृहिता/जमानतदार/बंधककर्ता को विशेषतः एवं सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ का **रूपये 44,35,000/- (शब्दों में - रुपये चौवालीस लाख पैंतीस हज़ार मात्र)** दिनांक 15 अप्रैल 2023 तक एवं पुर्णभुगतान तक उस पर ब्याज एवं खर्चो सहित राशि के लिए **एचडीएफसी बैंक लि.** के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा **13 की उपधारा (8) के उपबंधो** की ओर आकृष्ट किया जाता है।

सम्पत्ति की अनुसूची

आवासीय परिवर्तित मकान एवं प्लॉट, सर्वे नंबर 263/1/2 जिसका कुल क